## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बी.डी.शर्मा के कुशल मार्गदर्शन, कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जीत मिली

# अमरवाड़ा की जनता ने रचा इतिहास, 3027 मतों से विजयी हुए राजा कमलेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री कमलेश शाह की जीत पर अमरवाड़ा की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि हम अमरवाड़ा के विकास को लेकर आगे बढ़ेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। श्री साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अमरवाड़ा की जनता ने विधानसभा में कमलेश शाह को जिताकर इतिहास रचा हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बी.डी.शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आंचलकुंड दरबार के आर्शीवाद तथा अमरवाड़ा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा प्रत्याशी को जीत मिली। सांसद ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार से छिंदवाड़ा के विकास के लिए निरतंर काम होते रहेंगे। डॉ. मोहन यादव जी की सरकार अमरवाड़ा के चहुंमूखी विकास के लिए और आदिवासी भाईयों - बहनों के समुचित विकास को लेकर भाजपा लगातार कार्य कर रहीं हैं। उनके मान सम्मान और संस्कृति को बनायें रखने के लिए भाजपा नेतृत्व के व्दारा किए जा रहें कार्यों के कारण भी अमरवाड़ा जीत में जीत हुई। सांसद श्री बंटी साहू भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक श्री कमलेश शाह के साथ पी.जी.कालेज मतगणना स्थल पहुंचे, सांसद की उपस्थिति में नवनिर्वाचित विधायक कमलेश शाह को कलेक्टर ने जीत का प्रमाणपत्र दिया। इस अवसर पर संगठन प्रभारी संतोष पारिख, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, अरविंद राजपूत, महापौर विक्रम अहके, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, उत्तम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## सिंगोड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, बांटी मिठाईयां

**सिंगोडी:** कमलेश शाह का सिंगोड़ी आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। वही जहां अमरवाड़ा विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता गदगद दिखे तो वहीं सिंगोड़ी के चार बूथ जितने की खुशी से भी झूम उठे। मुस्लिम बहुल बूथों में जीत से उत्साहित लोगो ने मनाई खुशियां, आतिशबाजी कर सभी भाजपा नेताओं ने एक दूसरों को दी जीत की बधाई। सिंगोड़ी में लम्बे समय से भाजपा चार बूथों में दो में हमेशा जीत दर्ज कर पाती थी, यह दूसरा मौका है जब भाजपा ने यहां चारो बूथों में बहुत अच्छी जीत दर्ज की है। बताया गया कि इस बार भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने अल्पसंखक मंडल अध्यक्ष राजिक मिस्किनी सहित सभी मुस्लिम नेताओं को जीत के लिए फ्रीहेंड किया था, और भाजपा कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने अपनी कुशल राजनीति से पिछले कई सालों के बाद सिंगोड़ी रजोला खकरा चौरई पिंडरई डबीर सहित अन्य मुस्लिम वोटो को हासिल करने में सफल रहे।भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने बताया कि सिंगोड़ी के बूथ क्रमांक 220 में भाजपा को 324, कांग्रेस को 273, बूथ 221 भाजपा 628 कांग्रेस 112,बूथ 222 भाजपा 411 कांग्रेस 223, बूथ 223 भाजपा 428 कांग्रेस 378 वोट मिले है। वही सिंगोड़ी मंडल के अन्य ग्रामों में बहुत अच्छी बढ़त के साथ भाजपा विधान सभा चुनाव जीती है। सिंगोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार , जनपद सदस्य योगेश यादव ,भाजपा नेता परसादी, रिक्की साहू, पटेल,पुष्पकुमार जैन, डॉक्टर उमेश शर्मा, कैलाश साहू, पवन राव सोनी, रामकिशोर साहू , मंडल अध्यक्ष राजिक मिस्किनी, आदित्य पटेल,केशव पटवा, सकीर मिस्किनी, अनमोल बत्रा,राजिक भाई पान दीमाक पटेल, गुलाम हुसैन बंटी पांडे,रजत बिट्टू जैन,नाजिम भाई इमरान मिस्किनी गोलू सुलतान सहित सभी भाजपा नेतागण कार्यकर्तागण ने कमलेश शाह को उप चुनाव जीताने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।





## विजेता अभ्यर्थी कमलेश प्रताप शाह विधिवत निर्वाचित घोषित

विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा के अंतर्गत हुए मतदान के बाद मतगणना का कार्य शनिवार को मतगणना स्थल स्थानीय शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार संपन्न हुआ । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मतगणना के बाद अमरवाड़ा विधानसभा उप निर्वाचन के निर्वाचन परिणाम की राउंडवार और अंतिम घोषणा रिटर्निंग ऑफीसर अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे द्वारा की गई। निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के साथ ही रिटर्निंग ऑफीसर अमरवाड़ा श्री धुर्वे द्वारा विजयी अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के श्री कमलेश प्रताप शाह को निर्वाचन अधिनियम 1961 के अंतर्गत विधिवत निर्वाचित घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया । उल्लेखनीय है कि विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा से नोटा सहित 10 अभ्यर्थी मैदान में थे। जिनमें **भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश प्रताप शाह को कुल 83105 मत प्राप्त हुए और वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 3027 मतों से विजयी रहे।**



### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने सभी का माना आभार

विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा के अंतर्गत 10 जुलाई 2024 को शांतिपूर्ण हुए मतदान के बाद मतगणना का कार्य भी आज मतगणना स्थल स्थानीय शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.एम.मुथुकुमार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री की उपस्थिति और निगरानी में निर्विघ्न और शांतिपूर्ण संपन्न हुआ । विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा का निर्वाचन निर्विघ्न और शांतिपूर्ण संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने मतगणना कार्य में संलग्न प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के सभी अधिकारी, कर्मचारियों, सभी अभ्यर्थी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, पत्रकार साथियों और अमरवाड़ा विधानसभा के सभी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। मतगणना के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम एवं अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री हेमकरण धुर्वे, मतगणना पर्यवेक्षक व सहायक, माइक्रो आब्जर्वर, अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता, अधिकारी/कर्मचारी और पत्रकार उपस्थित थे ।

### प्रत्याशियों को मिले वोट

इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी धीरन शाह सुखरामदास इनवाती को 80078

अहिंसा समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री चन्द्रदीप तेकाम (पत्रकार) को 2268

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी श्री देवीराम उर्फ देवरावेन भलावी को 28723

जनसेवा गोंडवाना पार्टी के अभ्यर्थी एडव्होकेट श्री राजकुमार सरयाम को 749

राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी की अभ्यर्थी सुश्री रीता मरकाम को 594

निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अतुल राजा उईके को 2232

निर्दलीय अभ्यर्थी श्री पवन शाह सरयाम को 809

निर्दलीय अभ्यर्थी श्री शोभाराम भलावी को 1530 और नोटा को 3403 मत प्राप्त हुये।

## सांसद बंटी विवेक साहू आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे

सांसद श्री बंटी विवेक साहू आज 14 जुलाई 2024 दिन रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद श्री साहू सुबह 11 बजें पाटनी काम्पलेक्स में हरसिध्दि छिंदवाड़ा फाऊडेंशन कार्यक्रम एवं फिजियोंथेरेपी सेंटर के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोप. 1 बजे शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे।

**15 जुलाई को जिले के विकास के लिए होगी चर्चा :** सांसद श्री साहू 15 जुलाई 2024 दिन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। दोप. 1 बजे पत्रकारों के साथ जिले के विकास पर चर्चा एवं सुझाव पर आयोजित बैठक में शामिल होंगे। दोप. 2 बजे नगर पालिका अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगर परिषद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के साथ जिले के विकास पर चर्चा करेंगे। सांसद श्री बंटी विवेक साहू दोप 2.30 बजे डब्लू.सी.एल. के महाप्रबंधकों के साथ बैठक करेंगे। दोप. 3.15 बजे जिले के उद्योगपतियों के साथ विकास पर चर्चा करेंगे।

**16 जुलाई को बोरगांव में उद्योगपतियों के साथ होगी चर्चा :** सांसद श्री बंटी विवेक साहू प्रातः 11 बजे पांढुर्णा सर्किट हाउस में जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोप. 12 बजे पांढुर्णा शहर में जगनारे भगवान के मंदिर का भूमिपूजन कार्यक्रम एवं हॉल के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोप. 1 बजे तीगांव में मूर्ति स्थापना समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोप. 2 बजे बोरगांव में उद्योगपतियों के साथ विकास पर चर्चा करेंगे।

## लोक अदालत में नपा ने तीन लाख से अधिक रुपए वसूले



**जुन्नारदेव।** शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर पालिका परिषद के कार्यालय में किया गया। लोक अदालत के माध्यम से नगर पालिका ने सौ से अधिक उपभोक्ताओं से जलकर,संपत्ति कर और दुकान किराए में तीन लाख पचास हजार से अधिक की कर वसूली जमा की है। मिली जानकारी के अनुसार ये अब तक हुई लोक अदालत में सबसे अधिक जमा कर बताया जा रहा है। लोक अदालत में नपा की ओर से लेखापाल मुकेश चौरसिया, शुभलता आर्य, राधेश्याम मरापे, मुन्नालाल बेसरे, सुरेंद्र सेलकरी, विशाल, शिवाराम यादव ,सरोज भलावी, सहित नपा का राजस्व और निकाय का अमला मोजूद रहा।

## उप संचालक डॉ.पक्षवार ने श्री कृष्णा गौ-शाला का किया निरीक्षण

### चौरई के पशु चिकित्सालय का भी लिया जायजा, कर्मचारियों को दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने गत दिवस जिले के विकासखंड चौरई के पशु चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक ली और विभागीय सभी लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पशु चिकित्सालय में पौधारोपण भी किया। इसके उपरांत उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार ने ग्राम समसवाड़ा की श्री कृष्णा गौ-शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में 145 गौ-वंश, 60 बैग सुदाना तथा गेहूं के भूसे का पर्याप्त भण्डारण पाया गया एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। एक ऐकड़ भूमि में नेपियर घास लगाया गया है। उन्होंने संचालनकर्ता को गोबर खाद नीलाम करने के निर्देश दिये। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत समसवाड़ा गौ-शाला में 40 पौधों का रोपण करते हुये अंकुर एप को डाउनलोड कर फोटो अपलोड किया । गौ-शाला में 10 गाय दूध देने वाली तथा 10 गाय प्रेग्नेंट पाई गई। निरीक्षण के दौरान उप संचालक श्री पक्षवार के साथ नोडल अधिकारी डॉ.अरूणा मण्डराह, श्री महेश सुलकिया, कु.दीपशिखा श्रीवास्तव, गौ-शाला संचालनकर्ता समूह की सचिव श्रीमती किरन साहू एवं श्रीमती उर्मिला साहू उपस्थित थीं।

## श्री गुरुजी शिक्षण समिति का निर्वाचन हुआ सम्पन्न

**सौंसर।** ग्राम भारती छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में संचालित श्री गुरुजी शिक्षण समिति की त्रैवार्षिक निर्वाचन प्रक्रिया ग्राम भारती से पधारे निर्वाचन अधिकारी डॉ अरविंद फोले,सचिव इनके द्वारा मनोज पत्रिकर,की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समिति संरक्षक नाना आप्पाजी ठोम्बरे,ब्रजकिशोर सुद्दा,अध्यक्ष राजु बाविस्टाले, उपाध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी,सचिव नीता बोड़खे,सहसचिव विठ्ठल खोड़नकर,कोषाध्यक्ष भिमाशंकर तुपकर,नंदूजी राय, नरेंद्र ठोम्बरे,अनिल शिंदे,महेश पराड़कर,बाबा भाऊ बोबडे इनको मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक रामदास ढोक,सहसमन्वक सहदेव डिगरसे,नरेश बोड़खे,कैलाश सिंह,संकुल प्रमुख नितिन बोढ़े,होमदेव होटे,उमेश डोंगरे स्वाति डोंगरे उपस्थित थे। समिति की ओर से नए पदाधिकारी के साथ में अध्यक्ष का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।



## एक पेड़ मां के नाम की सफलता लिए कार्यकर्ता करें कामः नाना मोहोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भाजपा लोधीखेड़ा मंडल की ओर से एक पेड़ मां के नाम एवं कामकाजी बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं कामकाजी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड़, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, जिला महामंत्री राहुल मोहोड़ आदि मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री श्री मोहोड़ ने कहादेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर टपके का विकास करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण को संपूर्ण देश में सुरक्षित रखने के साथ ही अधिक से अधिक हर गांव शहर प्रदेश में वृक्षारोपण हो इस उद्देश्य को लेकर सरकार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय विभागों के साथ-साथ भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं एवं मंडल के पदाधिकारी के द्वारा भी अपने आसपास के परिसर में पर्यावरण को सुरक्षित एवं पेड़ों में बढ़ोतरी हो इस उद्देश्य को लेकर अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना है।

## जिले में अभी तक 288.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 288.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 422.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 13 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 12.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 13 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.8, तामिया में 03, अमरवाड़ा में 67, चौरई में 12, हर्रई में 47, बिछुआ में 7.6, जुन्नारदेव में 0.4 और चांद में 04 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 227.1, मोहखेड़ में 354.2, तामिया में 302, अमरवाड़ा में 421.6, चौरई में 320.4, हर्रई में 196.2, बिछुआ में 343, परासिया में 198.7, जुन्नारदेव में 198.4, चांद में 400.8 और उमरेठ में 213.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## जाखोटिया प्रदेश मंत्री, सिंघई छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के द्वारा प्रदेश और जिले के सबसे बड़े गैर राजनीतिक एवं सा मा जि क संगठन वैश्य महासम्मेलन के विस्तार और कार्ययोजनाओं के उत्कृष्ट परिणामों के लिए संगठनात्मक व्यवस्था में आंशिक फेरबदल करते हुए रमेश जाखोटिया को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। संभागीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि रमेश जाखोटिया ने वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष रहने के दौरान सभी सदस्यों अच्छा तालमेल बनाए रखे एवं इसी तालमेल के चलते कई नए सदस्यों ने संगठन में सदस्यता ग्रहण कर सक्रिय भी हुए एवं प्रदेश मंत्री के साथ साथ प्रदेश की ओर से नवगठित पांढुर्णा जिले का प्रदेश की ओर से प्रभारी नियुक्त किया गया है जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा ने बताया रमेश जाखोटिया के स्थान पर श्री अनिल सिंघई को छिंदवाड़ा जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनिल सिंघई पुलिस विभाग से रिटायर होकर समाजसेवा करने के उद्देश्य को लेकर संगठन में शामिल हुए। श्री सिंघई ने अपने मिलनसार स्वभाव के चलते बहुत जल्दी सदस्यों से हिलमिल गए साथ ही संगठन द्वारा समय समय पर उन्हें को भी जिम्मेदारी सौंपी गई उसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए।





### एक महिला शामिल, तीन लाख का गांजा, बाइक एवं स्कूटी जब्त

# पुलिस ने 23 किलो गांजे के साथ धरे तीन तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



पांढुर्णा पुलिस ने शनिवार को नागपुर रोड पर ड्रायटेक कंपनी के पास बिना नंबर प्लेट की सफेद रंग की स्कूटी पर गांजा तस्करी करते हुए रूपेश पिता रामा साहू आयु 28 को निवासी पाथाखेडा को घेराबंदी कर पकडा। दूसरे आरोपी मुकेश पिता रामू उईके आयु 26 निवासी बगडोना थाना पथाखेडा को आजनगांव फोरलेन के पास आटोमोटिव फिटनेस सेंटर के पास नागपुर से पांढुर्ना की ओर आते हुए बाईक पर लगभग 7 किलो गांजे के साथ धर दबोचा। तीसरे मामले में महिला गांजा तस्कर आशा पति प्रताप परते आयु 25 निवासी बगडोना को पांढुर्ना पुलिस ने आज ही नागपुर रोड पर ग्राम मोरडोंगरी यात्री प्रतीक्षालय में घेरकर 5 किलो गांजे के पकड लिया। उक्त तीनों आरोपी अलग अलग रास्ते से आ रहे थे लेकिन पता चला है कि तीनों संयुक्त रूप से कार्य करते है। इन तीनों आरोपियों को रंगे हाथ पकडने में जिला पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी एवं एसडीओ पुलिस बृजेश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय मरकाम, एसआय विक्रम बघेल, एसआय आशीष भमटे, एसआय लखन भीमटे, एसआय लेखराम पहाडे, आ. अशोक हरसूले, आ. पुष्पेंद्र सिंह, आ. दीपक अदानी, आ. राजेश सनोडिया, आ. अनील बघेल, आ. ओमवीर जाट, आ. शिवकुमार जाट, आ. सोनू बधेल, आ. अरूणा तुमडाम एवं सायबर आ. अखिलेश हिंगवे की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

### कलेक्टर पांढुर्ना ने की पहल, अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के कारण अटका था काम

# शुरू हुआ दो साल से बंद पड़े अधूरे छात्रावास भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



जिला कलेक्टर अजय अजय देव शर्मा के प्रयासों से नांदनवाड़ी में निर्माणाधीन 50 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण कार्य को पुनः गतिमान हुआ है।गौरतलब है कि कोरोना काल से बंद छात्रावास भवन का निर्माण अब तक अधूरा पड़ा था। आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार की बेरुखी के चलते भवन निर्माण अटका हुआ था। इसके लिए अफसरों को कलेक्टर पांदुर्ना ने समझाईश दी और ठेकेदार को फटकार लगाई। गत दिनों नांदनवाडी के युवाओं ने कलेक्टर महोदय के संज्ञान में यह मामला लाया। कलेक्टर महोदय ने संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब कर छात्रावास निर्माण कार्य शुरु कराया। आज जिला कलेक्टर ने स्वयं मौके पर जाकर संबंधित निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और ठेकेदार को शेष निर्माण कार्य को आगामी चार माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ललित चौधरी, नायब तहसीलदार राजेश पटवा, ब्लाक समन्वयक, पटवारी एवं सचिव उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में छात्रावास भवन के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग को कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। पीआईयू छिंदवाड़ा के कार्यपालन अधिकारी ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में नोटिस जारी किया। निर्माण कार्य में लापरवाही पर कलेक्टर की फटकार के बाद ठेकेदार ने मौके पर पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां, नगर पालिका का साफ सफाई की ओर ध्यान नहीं

**दमुआ।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 17 के एरिया क्षेत्र के शासकीय कमला नेहरू छात्रावास के आसपास इतना कचरा हुआ दंगस का आलम छाया है कि यहां पढ़ने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है छात्रावास के आसपास गाजर घास उग गई है जिसके कारण मच्छरों का आतंक भी बढ़ गया है जिससे बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है एवं इन बरसात के मौसम में जहरीले जीव जंतु साप,बिच्छू, कीड़े मकोड़ों का खतरा बना रहता है इसलिए नागरिकों एवं स्कूली विद्यार्थियों को डर बना रहता है नगर पालिका प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए उचित कदम उठाकर साफ-सफाई की व्यवस्था बनाना चाहिए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयों का सामना करना ना पड़े और जबकि निकाय क्षेत्र के बसाहट एरिया क्षेत्र में इतनी हरियाली गाजर घास आई है कि मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है और कॉलोनी में क्वार्टरों के आसपास गाजर घास उगने से उसमें कीड़े मकोड़ो का खतरा भी बना रहता है वैसे भी भारी बारिश का दौर चल रहा है समय-समय पर वार्डों में और गाजर घास की साफ सफाई किया जाना चाहिए जिससे कीड़े मकोड़े मच्छरों का प्रकोप कम हो सके।



# खमारपानी में स्वास्थ्य विभाग के हाल बेहाल

### जनपद उपाध्यक्ष करेंगे शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

आदिवासी विकासखण्ड बिछुआ के ग्राम खमारपानी स्वास्थ्य केन्द्र के हाल-बेहाल है, जिससे ग्रामीणों को उपचार के लिए यहा वहा भटकना पड रहा है। समय पर डाक्टर नहीं मिलते एंव बीएमओ को शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ।

**गरीब जनता को नही मिल रहा लाभ**

खमारपानी स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर नहीं रहने के कारण आदिवासी विकासखण्ड बिछुआ की गरीब जनता को शासन की योजनाएं का लाभ नहीं मिल रहा है।

वही डॉक्टर के ना रहने पर मजबूरी बस झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराना पडता है। वही बिछुआ के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

**इनका कहना है**

जनता के द्वारा लगातार शिकायत मिल रही है की खमारपानी में स्वास्थ्य विभाग मे लापरवाही बरती जा रही है,जिसकी शिकायत मेरे द्वारा जिला प्रशासन को की जाएगी ताकी समस्या का हल हो सके।

**निरंकुश नागरे उपाध्यक्ष**
**जनपद पंचायत बिछुआ**

खमारपानी स्वास्थ्य केन्द्र की शिकायत प्राप्त हुई है,जांच कर कार्यवाही की जाएगी एंव दो महिला डाक्टर नहीं आ रही जिसको लेकर मेरे द्वारा लेटर लिख दिया गया है।

**डाक्टर निलेश सिड्डाम**
**बीएमओ बिछुआ**

# गुरुकुल में देश विदेश से आये पालकों की बैठक में छात्र परिषद का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गुरुकुल में देश विदेश से आये पालकों की बैठक सम्पन्न हुई । विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के गुण विकसित हों , इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु छात्र परिषद का गठन किया गया । इस दौरान कैबिनेट सदन ने गुरुकुल के छात्र छात्राओं के चार सदन बनाये । सभी सदनों को पर्वतों के नाम दिए जिसमें हिमालय , विंध्याचल , मलयगिरि और अरावली प्रमुख हैं । सभी सदनों के अलग-अलग नायक , उपनायक , सांस्कृतिक नायक , क्रीड़ा नायक बनाये गए । सर्व सहमति से नारायण शेंडगे और खुशी सावनेरे को गुरुकुल का नायक घोषित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वायु सेना के सेवानिवृत्त कुबेर सिगोतीया समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जय राम भाई ने उपस्थित दर्ज की । बैठक में देश विदेश से आये पालकों के साथ गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , प्रचार्या प्रिया सिंह , प्रबंधक डॉ. सुशील सिंह परिहार , छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार भी उपस्थित रहे । संचालक दर्शना खट्टर ने सभी पालकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हम सब को मिलकर गुरुकुल को शिखर तक ले जाना है जिससे गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य सफल हो ।

### स्टाफ सहित छात्र छात्राओं ने लगाए पौधे



**जुन्नारदेव।** एक पौधा मां के नाम अभियान 2024 के अंतर्गत आज शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया में संस्था के प्राचार्य श्री ए.आर. लोखंडे जी के नेतृत्व में संस्था के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने एक एक पौधा लगाया और सभी छात्र एवं छात्राओं को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया इस कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रही है शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला

**दमुआ।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला दमुआ ,सीएम राईज स्कूल दमुआ स्कूल प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहा है ,शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य रिटायर हो चुके हैं परंतु अभी तक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल मे प्राचार्य पद की स्थापना नहीं किया गया है जबकि प्राचार्य का पद रिक्त पड़ा हुआ है और प्रभारी प्राचार्य के भरोसे स्कूल चल रहा है ऐसी हालत में स्कूली छात्र एवं पालको को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वैसे भी नए सत्र 2023-24 वर्ष का समय प्रारंभ हो गया है एडमिशन प्रवेश के साथ पढ़ाई लिखाई की ओर भी ध्यान शिक्षक शिक्षिकाओं को देना चाहिए वैसे भी आगामी दिनो मे राष्ट्रीय पर्व का कार्यक्रम आयोजन होना है।

# पशु मालिकों पर भी होगी दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्केट सहित वार्डों में आवारा मवेशियों के आतंक से नगर वासी परेशान थे ।जिसके समाचार समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किए गए। जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजभिए ने अपने कर्मचारियों को आदेशित कर बाजार एवं वार्डों में में घूम रहे आवारा गाय बैल को पकड़ कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए । इसी तार तारतम्य में नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 2 से आवारा पशु पकड़े गए ।

आवारा पशु पकड़ने हेतु सफाई संरक्षक सुशील लदरे सफाई संरक्षक मनोज मोगरे सफाई कर्मीयों की उपस्थिति में नगर एवं वार्ड में घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़ कर कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत 10 12 मवेशियों को पकड़ा गया जिनके मालिकों की पतासाजी करने के बाद दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात रहे की नगर की मुख्य सड़कों पर पालतू एवं अवारा पशु गाय, बैल, कुत्तों बैठे रहने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ते जा रही थी। इसे देखते हुए उपरोक्त कार्यवाही की गई।

क्षेत्र में इन सड़कों पर बड़ी संख्या में गाय बैल बछड़े आवारा एवं पालतू पशु सड़कों पर हुड़दंग मचाते हैं। जिससे वाहन चालकों एवं नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे लापरवाह पशु पालको (मालिको) पर कठोर कार्यवाही एवं जुर्माना भी तगड़ा लगाया जावें।

### मामला कोचेवाही पंचायत में एक माह से पेयजल नहीं मिला, पीड़ित युवक की पत्नि ने वारासिवनी थाने में की लिखित शिकायत

# सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करने पर सरपंच पति ने युवक को दी जान से मारने की धमकी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत कोचेवाही के सरपंच पति मंजय सोनेकर पर ग्राम के एक युवक को सीएम हेल्प लाईन की शिकायत वापस नहीं लेने पर गंदी-गंदी गालियॉ देते हुए जान से मारने की धमकीदेने और रोजगार सहायक प्रमोद पटले द्वारा मोबाईल फोन पर गंदी गंदी गालियॉ देकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया हैं। इस मामले की लिखित शिकायत युवक की पत्नि उमा रितेश पारधी द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में की गई हैं।

**शासन की योजना का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभः** विदित हो कि शासन ने पीएचई विभाग के माध्यम सेग्रामीण अंचलों में पेयजल आपूर्ति के लिए हैंडपंप के अलावा नल-जल योजना के तहत हर घर में पानी देने की व्यवस्था बनाने का प्रयास किया हैं। जिसके तहत पंचायतों में पेयजल टंकी का निर्माण करवा कर ग्रामीणों को पानी की सप्लाई करने का प्रयास किया जा रहा हैं। लेकिन सालों बीतने के बाद भी इस योजना का लाभ पूरी तरह से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा हैं। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों को पीने के पानी के लिए जूझना पड़ रहा हैं। शासन द्वारा करोड़ों रूपये खर्च करने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी हुई हैं। कुछ ऐसा ही मामला वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोचेवाही की छोटी कोचेवाही से सामने आया हैं। जहाँ बीते लगभग एक माह से ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा हैं।

**सीएम हेल्प लाइन में युवक ने की शिकायतः** ग्राम छोटी कोचेवाही निवासी रितेश पारधी ने बताया कि शासन की योजना के अनुसार ग्राम छोटी कोचेवाही में पानी टंकी की निर्माण किया गया हैं, जिससे लोगों को घरों तक पीने का पानी मिल सके। मगर ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा हैं। जिसकी शिकायत मेरी पत्नि उमा पारधी द्वारा 181 सीएम हेल्प लाइन पर की गई थी। मगर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं।

**सरपंच पति ने पीड़ित युवक को जान से मारने की दी धमकीः** सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की जानकारी मिलने के बाद सरपंच पति मंजय सोनेकर ने शिकायतकर्ता पति-पत्नि उमा व रितेश पारधी को सीएम हेल्प लाइन में की गई शिकायत को बंद करने को कहा। मगर उनके द्वारा समस्या का समाधान होने के बाद ही शिकायत उठाने की बात कहने से सरपंच पति नाराज हो गए और बीच सडक़ पर पति-पत्नि के साथ गाली गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मकान खाली करने को कह दिया।



ग्राम छोटी कोचवाही निवासी रितेश पारधी ने बताया कि कई महीने से नल में पानी नहीं आ रहा हैं। जिसकी समस्या मेरे द्वारा सरपंच पति मंजय सोनेकर को बताई गई थी। मगर उनके द्वारा समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया, तो मेरी पत्नि ने सी एम हेल्पलाईन 181 पर शिकायत की थी। जिसके बाद मुझ पर सरपंच पति द्वारा शिकायत को बंद करवाने दबाव डाला जा रहा हैं। मैंने मना किया, तो मुझे गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मकान को खाली करने को कहा हैं। वहीं रोजगार सहायक प्रमोद पटले द्वारा शिकायत करने को लेकर मोबाईल फोन पर गंदी गंदी गालियॉ देते हुए प्रताड़ित किया गया। जिसकी लिखित शिकायत मेरी पत्नि उमा पारधी द्वारा वारासिवनी थाने में की गई हैं।

इस मामले में ग्राम पंचायत कोचेवाही के सरपंच पति मंजय सोनेकर ने कहा कि 15-20 दिनों से पंचायत में लगी पानी की मोटर जल गई हैं। जिससे कुछ घरों में पानी की समस्या बनी हुई हैं, खराब मोटर को सुधारने दिया गया हैं। मैंने शिकायतकर्ता को कभी ना जान से मारने की धमकी दी और ना गाली दी हैं और ना ही मकान खाली करने को कहा हैं।

# सुलसुली द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



7 वाहिनी के०रि०पु०वल, सुलसुली द्वारा सुलसुली चौकी में एक सयुक्त अभियान जिसमे ई/7 वाहिनी के०रि०पु०वल के समवाय अधिकारी प्रदीप कुमार साहु (सहायक कमांडेन्ट) तथा सुलसुली चौकी के प्रभारी उप०/निरी० माधव शर्मा तथा वन विभाग सुलसुली बिट के कर्मचारी द्वारा सुलसुली कैम्प परिसर तथा कैम्प के आस-पास स्थानो पर दिनाक 13 जुलाई को एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में फलदार पौधे लगाए गए जिसमे लगभग 150 से अधिक वृक्षारोपण किये गये जिसमे आम, पीपल, जामुन, करंज सीताफल, नीम जैसे शामिल थे। समवाय अधिकारी श प्रदीप कुमार साहु (सहायक कमांडेन्ट) ने उपस्थित सभी कर्मचारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग की रोकथाम के लिए भारत का हर निवासी को पौधारोपण करना है। अपने परिवारवर्गों, सगे-सबंधीयो को प्रोत्साहन करे कि वे भी अधिक मात्रा में पौधे लगाये ताकि तापमान में गिरावट, बारिश और ज्यादा हो सके और जीवन में पवित्र मिशन का हिस्सा बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। प्रदीप कुमार साहु (सहायक कमांडेन्ट) ने यह भी बताया की सीआरपीएफ कैंप सुलसुली द्वारा स्थानीय निवासीयो को भी इसके सबंध में समय-समय पर जागरूक किया जा रहा है। हमें पौधे लगाने के उपरान्त उनकी देखभाल करने कि उतनी ही जरूरत है जितनी की हम अपना दैनिक कार्य करना नहीं भूलते हैं। हम एक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए समर्पित है, अतः जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण मुद्धों को हमें ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण अधिक से अधिक करने की जरूरत है । इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सीआरपीएफ बटालियन 07 वाहिनी व सुलसुली चौकी के जवानों के द्वारा किया गया।

### न्यायाधीशों ने किया पौधारोपण, विद्यार्थियों को बताया माँ का महत्व

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान की भागीदार बनी विधिक सेवा समिति

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण के कारण आज अधिक से अधिक पेड़-पौधों की आवश्यकता है. इसके साथ ही वर्तमान समय में उचित मानव स्वास्थ्य, मरुस्थल के विस्तार को रोकने के लिए पौधारोपण करना अति आवश्यक हो गया. जिसे ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार ''पंच-ज" अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस से स्वतंत्रता दिवस तक 72 दिवसीय प्रदेशव्यापी पौधारोपण विशेष अभियान आयोजित किया गया है. माननीय दिनेशचंद्र थपलियाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट और माननीय सुरेन्द्रसिंह गुर्जर निर्देशन पर शहर के एक निजी स्कूल परिसर में माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के न्यायाधीशों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को पौधारोपण किया. माननीय न्यायाधीश सुश्री सुधा पाण्डेय और माननीय न्यायाधीश नेहा ठाकुर ने बच्चों के साथ स्कूल परिसर में छायादार और फलदार पौधे रोपित किए. इस मौके पर स्कूल स्टाफ और न्यायालय के कर्मचारीगण मौजूद रहे. न्यायाधीश सुश्री सुधा पाण्डेय ने स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद किया और पयार्वरण के साथ ही प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में मां का क्या महत्व होता है. इसकी बेहद विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि बोलना जरूरी है मतलब अपनी बातों को रखना आना चाहिए. अपनी बातों को नहीं रखने से नुकसान होता है. अपनी बातों को रखना स्वयं के लिए और समाज के लिए भी बेहतर होता है. संवाद के दौरान एक सवाल पूछने पर बच्चों की तरफ से जवाब नहीं मिलने पर उन्हें संबोधित करते हुए इन बातों के जरिए माननीय न्यायाधीश बच्चों को प्रोत्साहित कर रही थी. बता दें कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए देशभर में पौधारोपण अभियान "एक पेड़ मां के नाम" शुरू किया गया है. इस अभियान में तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पौधारोपण किया. इस मौके पर अधिवक्ता आर.पी.राहंगडाले, आनंद टेंभरे, जितेन्द्र ठाकुर, श्रीमती प्रणीता भूरे, अशफाक खान, हिमांशु मोर, टोपेश ठाकरे, राजकुमार नंदागौरी, लकेश गौतम, दिनेश बागरे और न्यायिक कर्मचारी हितेन्द्र गढपाल, टेकराम राहंगडाले, राजेश कड़व, देवेन्द्र ठाकरे, मुरलीधर गौतम, उमेश भगत, श्रीमती वीणा पटले, श्रीमती पुष्परेखा हिरकने, श्रीमती हेमलता चौधरी, मधु नागेश्वर, समीर बिसेन, बसंत टेंभरे, मुकेश उके, सना खान, संतोष हटिले, भूपेन्द तिवारी, दुर्गेश बारेकर, कोर्ट मोहर्रिर राकेश मेश्राम, छत्रपाल बघेल मौजूद रहे।



**गोपालपुर माध्यमिक शाला में भी हुआ पौधारोपणः** विकासखंड कटंगी की शासकीय माध्यमिक शाला गोपालपुर में ग्राम पंचायत की पूरी इकाई ने पहुंचकर शासन की मंशानुरूप एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया. पंचायत प्रतिनिधियों ने स्कूली विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ मिलकर स्कूल परिसर में अलग-अलग प्रजाति के पौधें लगाए।

### यह भ्रष्टाचार नहीं तो क्या है ... !

# शहर में बरसात में बन रही सीसी सड़क

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर परिषद कटंगी में विकास कार्यों के नाम भर भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं है. यहां पदस्थ उपयंत्री राजेश चौकसे की निगरानी में होने वाले कार्यों में जमकर अनियमितता बरती जाती है. ऐसी दर्जनों शिकायतें कार्यालय में लंबित है. जिनकी ना तो कभी जांच होती है और अगर जांच हो भी जाए तो दोषी उपयंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती. अब ताजा मामला कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 12 शीतला माता मंदिर कॉलोनी में निमार्णाधीन सीसी सड़क से जुड़ा हुआ है. जिसका भरी बरसात में बेहद ही घटिया निर्माण किया जा रहा है. इस निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय रहवासियों ने आपत्ति जताई है और निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की शिकायत करने के लिए उपयंत्री से कई बार दूरभाष पर संपर्क किया लेकिन जानकारी मिलने के बाद भी उपयंत्री निर्माण कार्य स्थल पर नहीं आए. अब आपको यह जानकार और भी ताज्जुब होगा कि सीसी सड़क का निर्माण बिंदु अग्रवाल नाम के ठेकेदार के द्वारा करवाया जा रहा है. यह वहीं ठेकेदार है. जिन्होंने राम मंदिर से लेकर सिनेमा चौक को जोड़ने वाले मार्ग पर सीसी सड़क का निर्माण करवाया था और यह सड़क बनते ही उखड़ गई थी. नगर परिषद ने ठेकेदार से इस सड़क को आज तक हेड ओवर भी नहीं लिया. परंतु अपनी काली करतूतों को छिपाने के लिए फिर नगर परिषद के उपयंत्री राजेश चौकसे ने इस सीसी सड़क को बीटी सड़क के लिए स्वीकृत कर डामर बिछवा दिया।



मिली जानकारी अनुसार नगर परिषद कटंगी के वार्ड क्रमांक 12 में करीब 11 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. खास बात यह है कि इस वार्ड में पहले से ही सीसी सड़क बनी हुई थी. इसी सड़क के ऊपर नई सीसी सड़क बनाई जा रही है. दरअसल, पुरानी सीसी सड़क को पाइप लाइन का विस्तार करने के दौरान ठेकेदार ने क्षतिग्रस्त कर दिया था. ठेकेदार को ही सड़क की मरम्मत करवानी थी. किंतु पाइप लाइन का विस्तार करने वाले ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत नहीं करवाई. वहीं पुरानी सड़क खराब हो चुकी है और जगह-जगह जल भराव होने का हवाला देते हुए पुरानी सीसी सड़क पर नई सीसी सड़क स्वीकृत कर दी गई और बरसात में इसका निर्माण करवाया जा रहा है. अक्सर विवादों में घिरे रहने वाले उपयंत्री राजेश चौकसे की निगरानी में ही सीसी रोड का निर्माण करवाया जाना है परंतु वह ना तो निगरानी कर रहे है और ना ही वार्डवासियों की शिकायत पर निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता की जांच कर रहे है. ठेकेदार नगर परिषद की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहा है और उपयंत्री राजेश चौकसे ठेकेदार को संरक्षण दे रहा है. बरसते पानी में सड़क निर्माण का काम हो रहा है सड़क को ढकने की व्यवस्था नहीं होने से बारिश से सीमेंट बह रहा है. वहीं तय मापदंड के मुताबिक भी निर्माण नहीं हो रहा है. इतना ही नहीं एस्टीमेट के हिसाब से निर्धारित मात्रा में सीमेंट कंक्रीट नहीं मिलाया जा रहा है जिससे सड़क की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है. कार्य में बरती जा रही लापरवाही के बारे में चर्चा करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव और उपयंत्री राजेश चौकसे से दूरभाष पर चर्चा करने की कोशिश की गई लेकिन अधिकारी और कर्मचारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभा रहे अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य तथा वसुंधरा को हराभरा करने एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश में ‟एक पेड़ मां के नाम‟ अभियान संचालित हैं। अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आम जनमानस ‟एक पेड़ मां के नाम‟ अभियान से जुड़ते हुए अपने घरों के आस-पास एवं अन्यत्र भूमि पर पौधारोपण कर रहे हैं। साथ ही अन्य व्यक्तियों को भी एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार 12 जुलाई को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सिवनी के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यालय परिसर में ‟एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता करते हुए कुल 150 पौधे लगाए।

# 11 हजार की रेंजर की साइकिल हुई चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे मे हुई कैद

**महाकालेश्वर बोरदई पहाड़ी में आयोजित शादी समारोह में शामिल हुए सनोडिया परिवार के लोगों में से एक व्यक्ति की साइकिल वही आसपास रहने वाले एक चोर ने शुक्रवार की शाम को रेंजर साइकिल चुरा लिया। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि रेंजर साइकिल की कीमत लगभग 11 हजार रुपए है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वह शुक्रवार को महाकालेश्वर बोरदई पहाड़ी में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस व्यक्ति ने साइकिल चुराया है वह बोरदई पहाड़ी के समीप टपरा मोहल्ला का निवासी है। वही इस मामले की शिकायत डूंडासिवनी थाना में की जा चुकी है। इसके साथ ही बोरदई पहाड़ी निवासियों ने बताया कि इससे पहले भी महाकालेश्वर मंदिर में लगे कलश को भी चोर ने चुरा लिया था। शुक्रवार को साइकिल चोरी की वारदात का सीसीटीवी कैमरे में घटनाक्रम कैद हो गया है।

फिलहाल इसकी जानकारी डूंडासिवनी थाने में पीड़तिजनों ने दे दी है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना से क्षेत्रवासी खासे परेशान है। क्षेत्रीय नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि डूंडासिवनी थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर शीघ्र अंकुश लगाया जाए। साथ ही चोर को गिरफ्तार कर चोरी का सामान पीड़ितजनों को दिया जाए। व चोर के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।




# आमानक बीज विक्रय करने पर 7 कृषि आदान दुकानों के लायसेंस निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक कृषि श्री मोरीश नाथ ने बताया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शुक्रवार 12 जुलाई को जिले के 07 बीज भण्डार केन्द्र क्रमशः हिन्द कृषि सेवा केन्द्र केवलारी, आशीष कृषि केन्द्र मोंहगांव सडक, केशव कृषि सेवा केन्द्र उगली, वेद आर्गेनिक फर्टिलाईजर गोपालगंज, अम्बे ट्रेडर्स कान्हींवाडा, आराध्य ट्रेडर्स धनौरा एवं पारस ट्रेडर्स कान्हींवाडा के निरीक्षण के दौरान स्कंध पंजी, बिल फाईल, बिल बुक, में संधारण न किये जाने तथा दर प्रदर्शित करने वाला बोर्ड नहीं पाये जाने के कारण बीज नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 11 एवं 15 में निहित प्रावधान के अनुसार उक्त सभी संबंधित संस्थानों के अनुज्ञाप्ति पत्र निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

# रेलवे अंडर ब्रिज के ऊपर से गिरा युवक,जबलपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ घंसौर।

घंसौर के शारदा मंदिर के पास बने रेलवे अंडर ब्रिज के ऊपर से शनिवार रात एक व्यक्ति नीचे गिर गया। जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात एक व्यक्ति शारदा मंदिर के समीप स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के ऊपर से अचानक नीचे गिर गया। जिसके कारण उसके सिर और हाथ-पैर पर गंभीर चोट आ गई।

घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी। इसके बाद लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर व्यक्ति अंदर ब्रिज से नीचे कैसे गिरा । व्यक्ति कौन था और कहां का रहने वाला था? इसबात की जानकारी भी पुलिस जुटा रही है। साथ ही यह भी पता करने का किया जा रहा है कि व्यक्ति ने अंडर ब्रिज से चलांग लगाई है या किसी ने उसे धक्का दिया है। जिसके कारण वह गंभीर घायल हुआ है। थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल ने बताया कि सूचना मिली थी कि रेलवे अंडर ब्रिज के ऊपर से एक व्यक्ति नीचे गिर गया है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर कर दिया गया है। घायल का नाम शिवू पिता राजू विश्वकर्मा (25) निवासी बिनेकी है।

# आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही कर कच्ची शराब एवं महुआ लाहन किया जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश में अवैध शराब पर नियंत्रण लगाए जाने के लिए संपूर्ण राज्य में विशेष अभियान चलाए जाने एवं प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुपालन में सिवनी जिले में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के नेतृत्व एवं सहायक आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार आबकारी सिवनी मंडल के वृत्त दक्षिण में बंडोल क्षेत्र में ग्राम सागर में छापा मारा गया।

इसमें तीन न्यायालयीन प्रकरण कायम किए गए, जिसमें आरोपी प्रियंका गोनगे पत्नी सुग्रीव गोनगे, रसिया बाई पत्नी मायाराम धुर्वे एवं अमासवती बाई पत्नी सुंदर उइके के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के अंतर्गत अपराधिक प्रकरण कायम किया गया।

इसी क्रम में आबकारी उत्तर वृत्त के अंतर्गत खैरापलारी क्षेत्र में ग्राम चिरचिरा में मनोज कुमरे आत्मज रामू कुमरे के कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद कर जप्त की गई है और उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)क एवं 45 के अंतर्गत आपराधिक मामला कायम किया गया है। कार्यवाही के अंतर्गत 18 लीटर अवैध हाथभट्टी कच्ची शराब, 60 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन एवं 7 लीटर देशी प्लेन शराब जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 हजार रुपए है। कार्यवाही में आबकारी सिवनी मंडल के अंतर्गत शहर वृत, दक्षिण वृत्त एवं उत्तर वृत्त के कार्यपालिक स्टॉफ का योगदान रहा है।



# दिव्यांगों ने रेल किराए में छूट हेतु रेल मंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

म.प्र.विद्युत मण्डल अधिकारी कर्मचारी निःशक्त संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को प्रेषित पत्र में मांग की है कि देश में चलने वाली सभी प्रकार की यात्री गाडियों में निःशक्तजनों को यात्रा किराए में छूट प्रदान की जाए। संघ के अध्यक्ष इंजी. नरेन्द्र सिंह ठाकुर, अल्हाज असदउल्ला खान, इंजी. एनएल फारूखी, लोकेश ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह गौर, घनश्याम खण्डेलवाल ने मांग की है कि प्रत्येक जिले में विशेष शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों के कनसेशन पास बनाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जाए ताकि दिव्यांगजनों को रेल यात्रा में परेशानी न उठानी पड़े। दिव्यांगों ने बताया कि रेल यात्रा के दौरान उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिव्यांगों के लिए निर्धारित की गई सीटों पर सामान्य यात्री कब्जा कर लेते हैं। जिससे दिव्यांग यात्री परेशान होते है।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में शुक्रवार 12 जुलाई 2024 को महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री केशव कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा नालसा अंतर्गत योजना गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवा योजना, मध्यस्थता योजना विषय पर विस्तृत जानकारी दि गई।




### लॉर्ड बुद्ध इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुरई में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। लॉर्ड बुद्ध इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुरई में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया, जिसमें स्कूल के सदस्य श्री धनराज डहरवाल जी उपस्थित रहे, संचालक श्रीमती सीमा गढ़पायले के द्वारा वृक्षारोपण पर बच्चों को वृक्षों के महत्व समझाएं गए एवं स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सविता भालेकर के द्वारा बच्चों को घर पर एक-एक वृक्ष लगाने का आवाह्न किया गया, स्कूल मैनेजर श्री अतुल देशभरतार के द्वारा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया, एवं उप प्राचार्य श्रीमती शीतल देशमुख के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में सभी बच्चों को वृक्षों के महत्व को समझाते हुए बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई,पर्यावरण दिवस के संबंध में लार्ड बुद्धा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुरई मे 13/07/2024 को ग्रीन डे मनाया गया है जिसमे सभी बच्चों के अभिभावकों एवम समस्त स्टाफ लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल कुरई उपस्थित रहा । बच्चों को हरे रंग का खाना, हरे कपड़े, हरे रंग फल, कविता, नाटक आदि कार्यक्रम करवाया गया सभी बच्चों को एक एक पौधा लेकर स्कूल बुलवाया साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण कराया गया ।

### राम जानकी मंदिर प्रांगण मे किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मातृधाम चौक स्थिति श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में 87 वर्षीय मंदिर के पुजारी जी ने लगाए औषधीय पौधा एक वृक्ष माँ के नाम एवं फलदार वृक्ष भी लगाए गये। इतना ही नही इनके द्वारा एक नही असंख्य पौधे लगाए गए जो आज फल देने लगे।पौधे लगाना और फोटो खिचवाना आम बात है परंतु रखरखाव के अभाव में सरकारी धन की बर्बादी करना अच्छी बात नही।हजारों पौधे लगाए जाते हैं परंतु अंत में एक दर्जन पौधे भी नही दिखाई देते।पुजारी जी का यथार्थ जीवन के अनमोल पौधे फलों से लदे हुए हैं जिन्हें पालने के लिये साईकिल में डिब्बे से पानी लाकर पौधों को सींचकर पूरा परिवार ने जो मेहनत किया वह काबिले तारीफ है।आज यह प्रांगण अनेकों प्रकार के फलदार एवं औषधीय पौधों से सुसज्जित है।

# नगर पालिका अध्यक्ष के साथ अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है भेदभाव -कांग्रेस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी नगर पालिका क्षेत्र शासकीय आयोजन में अधिकारियों द्वारा भेदभाव किया जा रहा है । प्रोटोकॉल के तहत नगर पालिका क्षेत्र में आयोजित शासकीय आयोजन भूमि पूजन, लोकार्पण, संस्कृत कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष को भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल करना चाहिए । शासकीय अधिकारी भाजपा के दबाव में भाजपा जिला अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी का अतिथि के रूप में नाम दे रहे हैं किंतु निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान के साथ भेदभाव कर रहे हैं। शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रण पत्र में जगह नहीं दी गई है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है इसके पूर्व में भी अनेक शासकीय आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष को नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जगह नहीं दी गई, इसके पूर्व में भी यह भेदभाव होता रहा है। जिला कलेक्टर से हमारी मांग है कि प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जाए और संबंधित अधिकारियों को समझाइए दी जाए कि किसी भी शासकीय आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष को मुख्य अतिथि के रूप में नाम अवश्य रूप से किया जाए।

# उगली पुलिस ने 24 घंटे में किया दोहरे अंधे हत्याकांड का खुलासा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 12.07.24 को ग्राम पांडिया छपारा से सनाथर रोड पर एक पुरूष एवं एक महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में पड़े होने की सूचना थाना उगली को मिलने पर तत्काल घटना स्थल पहुंचकर घटना स्थल को सुरक्षित किया गया शव तस्दीक करने पर मृत पुरूष एवं महिला की पहचान लक्ष्मण पिता प्यारेलाल धुर्वे उम्र 40 साल जाति गोण्ड एवं श्रीमति लीलाबाई पति लक्ष्मण सिंह धुर्वे उम्र 38 साल जाति गोंड दोनो नि. ग्राम उगदीवाड़ा के रूप में हुई है।

उक्त दोनो मृतकों को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी धारदार हथियार से गर्दन, सिर, एवं सीने में मारकर हत्या करना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया व घटना स्थल पर डाग स्काड, एफएसएल टीम की उपस्थिति में आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किये गये । प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह पता चला कि मृतक लक्ष्मण धुर्वे थाना उगली के अपराध क्रमांक 241 / 23 धारा 304 भा.द.वि. 135 भारतीय विद्युत अधिनियम में आरोपी था उक्त अपराध में मृतक लक्ष्मण धुर्वे ने जंगल में बिजली का तार जंगली जानवर का शिकार करने लगाया था किन्तु बिजली की तार के चपेट में आकर दो युवक नाम नवीन पिता श्रीचंद धुर्वे और पवन पिता बिजलसिंह वरकड़े की मृत्यु हो गई थी मृतक लक्ष्मण धुर्वे कुछ दिन पूर्व ही जमानत पर बाहर आया था।

विवेचना के दौरान यह ज्ञात हुआ कि मृतक लक्ष्मण धुर्वे और उसकी पत्नि मृतिका लीलाबाई धुर्वे की आस-पास के गांव में मृतक युवको के परिजनो के अलावा अन्य किसी से कोई रंजिश नही थी संदेह के आधार पर नवीन धुर्वे के पिता श्रीचंद धुर्वे पिता भगनु धुर्वे से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने पूछताछ दौरान अपने बेटे की मृत्यु का बदला लेने की रंजिश में अपने भतीजे सहदेव पिता अरूण कुमार धुर्वे के साथ दिनांक 11/07/2024 के रात्रि दोनों पति-पत्नि की टंगीया से वार कर हत्या करना स्वीकार किया मामले में दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर अग्रिम विवेचना की जा रही है । गिरफ्तार शुदा आरोपी :-01. श्रीचंद पिता भगनू धुर्वे उम्र 40 साल नि0 ग्राम सनाथर टोला, 02. सहदेव उर्फ छोटू पिता अरूण कुमार धुर्वे उम्र 23 साल नि. ग्राम सनाथर

सराहनीय कार्यः- अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केवलारी श्री आशीष भराड़े के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उगली - उनि0 सदानन्द गोदेवार, सउनि0- सीएल सिंगमारे, कार्य. सउनि सुखदास मर्सकोले, आर0 - 628 दीपक कावरे, 257 गणेश हनवत, 596 संदीप पंचतिलक, आर0 60 संदीप ठाकरे, आर0 680 पराग राहंगडाले, चालक आर0 676 मोनू डेहरिया, म0आर0 706 अभिलाषा कटरे ।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शुक्रवार को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सुश्री जैन ने विभागीय संरचना अंतर्गत जिलें में सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति एवं स्वास्थ्य कर्मियों एवं चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी लेकर सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी रोस्टर अनुरूप ड्यूटी बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। जिसमें ड्यूटी डॉक्टर एवं चिकित्सकीय स्टाफ की जानकारी लिखित में लगाने तथा उनकी निर्धारित समय में उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी



निर्देश दिये। इसी तरह आरोग्य वेलनेस केंद्रों में भी खुलने के समय तथा पदस्थ कमर्चारियों के मोबाइल नम्बर चस्पा करने के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर सुश्री जैन ने आरसीएच पोर्टल में दर्ज विकासखण्डवार एएनसी पंजीयन, जन्म पंजीयन की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत पंजीयन कराने के निर्देश सभी बीएमओ को दिये। उन्होंने एएनसी पंजीयन उपरांत निर्धारित समयसीमा में गर्भवती महिलाओं की अवश्य जांच कराने के साथ ही शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए निर्देशित किया। इसी तरह एनीमिया के कारण हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के प्रकरणों का अवलोकन कर कलेक्टर सुश्री जैन ने ऐसी महिलाओं के समय मे चिन्हांकन कर त्वरित रोगोपचार उपलब्ध कराने एवं मॉनिटरिंग के निर्देश दिये । उन्होंने डिलीवरी के लिए चिन्हित 46 केंद्रों में लक्ष्यानुरूप प्रगति के निर्देश दिये। उन्होंने अप्रैल से जून तक हुई गर्भवती महिलाओं की मृत्यु के कारणों के सम्बंध में सम्बंधित बीएमओ एवं प्रभारी से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने शत प्रतिशत बच्चों को समय पर जरूरी टीके लगाने की कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी तरह मलेरिया एवं डेंगू प्रभावित क्षेत्रो की जानकारी लेकर ब्लड टेस्टिंग की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही स्थानीय निकाय से समन्वय बनाकर आवश्यकतानुसार नियॉन के भंडारण एवं चिन्हांकित क्षेत्रों में फॉगिंग की गति बढाने के निर्देश दिये।

# प्रधानमंत्री का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है-डा. जाटव

**इस लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत मिला और श्री नरेन्द्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। 62 वर्षों बाद देश ने किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में जनादेश देकर स्वीकारोक्ति की है। भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की बताई चार जातियां युवा, गरीब, महिला और किसान सहित सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए किए गए कार्यों से विजय मिली है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उक्त आशय की बात आज भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष श्री कैलाश जाटव द्वारा कही गई। डा. जाटव ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के सामूहिक नेतृत्व, कुशल रणनीति के साथ ही समर्पित कार्यकर्ताओं की श्रृंखला ने विधानसभा और लोकसभा की पूर्ण विजय को सुनिश्चित किया। 2023 में हुए मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी मध्यप्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पर विश्वास प्रकट करते हुए 163 विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय दिलाई है और अब लोकसभा के चुनाव में भी प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत दिया है। डा. जाटव ने कहा कि, प्रधानमंत्री जी का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। भाजपा सरकार का प्रयास है कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के वार्षिक बजट के आकार को दोगुना किया जाए। इस संबंध में पहला कदम 2023-24 के बजट की तुलना में बिना कोई नया कर लगाये वर्ष 2024-25 के बजट में 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। प्रदेश में निरंतर कुशल वित्तीय प्रबंधन एवं आर्थिक गतिविधियों के विस्तार से प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। 2003-04 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 13 हजार 465 रूपये थी, जो कि बढ़कर अब लगभग 11 गुना हो गई है। जनवरी-2024 में जारी रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश के 2 करोड़ 30 लाख लोग गरीबी से बाहर आये हैं। पिछले 10 वर्षो में चार करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत मध्यप्रदेश में लाखों मकान बनाए जाएंगे। डा. जाटव ने कहा कि, मध्यप्रदेश में एक्सप्रेस-वे नेटवर्क के माध्यम से 299 किलोमीटर का अटल प्रगति पथ, 900 किलोमीटर का नर्मदा प्रगति पथ, 676 किलोमीटर के विंध्य एक्सप्रेस-वे, 450 किलोमीटर के मालवा-निमाड़ विकास पथ, 330 किलोमीटर के बुंदेलखण्ड विकास पथ एवं 746 किलोमीटर के मध्य भारत विकास पथ के कार्य गतिमान हैं।




प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 2024-25 में लगभग 1 हजार किलो मीटर सड़क का निर्माण एवं लगभग 2 हजार किलो मीटर सड़कों का नवीनीकरण होने जा रहा है। डा. जाटव ने कहा कि, हमारी सरकार ने जल-जीवन मिशन प्रारंभ कर जल क्रांति को जन्म दिया है। इस योजना के तहत 70 लाख 86 हजार 293 घरों तक नल से जल की सुविधा पहुंची चुकी है। साथ ही प्रति वर्ष प्रति किसान रूपये 12 हजार की सम्मान निधि लगभग 82 लाख किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में कुल 2 हजार 190 गौ शालाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनमें 3 लाख गौवंश हैं। गौवंश को प्रतिदिन 40 रूपए आहार के लिए प्रदेश सरकार दे रही है। भाजपा सरकार ने वर्ष 2024-25 को गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में भी मना रही है। प्रदेश में सिंचाई क्षमता 2028-29 तक 1 करोड़ हेक्टेयर किये जाने का लक्ष्य है। डा. जाटव ने कहा कि, प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 42 हजार पदों पर भर्ती प्रारंभ की जा रही है। इसके साथ ही 7500 से अधिक पुलिस और 11 हजार से अधिक शिक्षकों के पदों को भी भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। इनके साथ ही अन्य विभागों के हजारों रिक्त पदों पर भी भर्ती की तैयारी है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में भाजपा सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक लगभग 1 करोड़ 8 लाख परिवारों के 4 करोड़ 1 लाख सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। डा. जाटव ने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा महिला सशक्तिकरण और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को बराबरी का हक दिया है। भाजपा सरकार की लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, उज्जवला योजना, मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि जैसी योजनाओं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वामित्व का अधिकार दिए जाने से महिलाओं में आत्मविश्वास की वृद्धि हुई है। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत योजना प्रारंभ से लेकर अब तक 48 लाख 3 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में पिछले वर्ष के बजट अनुमान रूपये 75 करोड़ में 3 गुना से अधिक वृद्धि की गई है। बैगा, भारिया, सहरिया जैसी विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु पी.एम. जन-मन योजना के अन्तर्गत इस वर्ष 22 नवीन छात्रावास प्रारंभ किये जा रहे हैं। डा. जाटव ने कहा कि, तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 3000 रू. प्रति बोरा से बढ़कर 4000 रू. किया गया है। 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ देने का निर्णय किया गया है। किसानों को राहत पहुंचाने के लिए नामांतरण, बंटवारा और सीमाकंन के 3 लाख 70 हजार से अधिक लंबित प्रकरणों का निपटारा किया गया है। 7 लाख युवाओं को 5 हजार करोड़ रू. का स्व-रोजगार ऋण वितरित किया गया है। डा. जाटव ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अपने दायित्व का ध्यान रखते हुए विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटी है। हमारा विचार राष्ट्र प्रथम है और हमारी प्रेरणा अंत्योदय है। अभी हमें आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश बनाने के लिए हमे अपनी बूथ समिति के सशक्तिकरण के प्रयासों को और अधिक बढ़ाना है। पन्ना प्रमुख की संकल्पना को पूर्णतः सिद्ध करना है, क्योंकि 'संगठन तंत्र की शक्ति ही, वैभव का चित्र सजाती है।" आज आयोजित इस पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा की जिला महामंत्री श्री अजय डागोरिया, जिला मंत्री डॉ अभिजीत सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल एवं मनोज मर्दन त्रिवेदी एवं श्री ज्ञानचंद सनोडिया, श्री शिव सनोडिया इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला आयुष कार्यालय में लगाए पौधे



**बालाघाट।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान अन्तर्गत शनिवार को जिला आयुष कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जिसमे जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी एवं विभाग के स्टॉफ ने अर्जुन, आंवला, रीठा, गुलमोहर, अशोक, कदम्ब, मौलश्री व जामुन आदि के लगभग 30 औषधीय व छायादार पौधों का रोपण किया। साथ ही वायुदूत एप के माध्यम से सभी पौधों की प्रविष्टि की गयी एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. दीपाली वाकड़े, डॉ. भूपेंद्र उइके, डॉ. मनीषा मरकाम, डॉ. रेखा करवेती, डॉ पूजा चौहान तथा कार्यालय स्टाफ से श्री विजय पारधी, श्री डीसी बेलवंशी, स्मृति खरे एवं आयुष पैरामेडीकल स्टाफ उपस्थित रहा।

### जिले में अब तक 10 इंच से अधिक हुई वर्षा

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 263.8 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 10इंच से अधिक वर्षा चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा परसवाड़ा तहसील में 13 इंच से अधिक यानी 339.3 मिमी हुई है। इसके बाद बैहर तहसील में 336.8 मिमी 13 इंच से अधिक, वारासिवनी में 325.6 मिमी 13 इंच, बिरसा में 318.5 मिमी. 12 इंच से अधिक, तिरोड़ी में 301.1 मिमी करीब 11 इंच, बालाघाट में 286.4 मिमी 11 इंच से अधिक, लालबर्रा में 258 मिमी 10 इंच से अधिक, कटंगी में 253.1 मिमी 10 इंच से अधिक, किरनापुर में 195.6 मिमी 7 इंच से अधिक, लांजी में 168.7 मिमी 6 इंच से अधिक और सबसे कम खैरलांजी में 122.2 मिमी अर्थात 4 इंच से अधिक वर्षा हुई है।

### पुलिस ने किया न्यायालय में पेश, 16 जुलाई तक लिया गया पुलिस रिमांड पर

# अमानक खाद के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

गत 9 जुलाई की रात्रि में जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोस्ते में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ वारासिवनी पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्यवाही में पकड़े गए नकली खाद के भंडार के मामले में 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।

#### कोस्ते निवासी धनलाल ठाकरे की शिकायत पर हुई थी कार्यवाही

विदित हो कि गत 9 जुलाई को ग्राम कोस्ते निवासी धनलाल ठाकरे द्वारा ग्राम के ही मुनेश चौहान को सस्ती खाद को महँगी खाद इफको की बोरियों में पलटते हुए देखा गया, तो उसके द्वारा पहले 100 डायल पर सूचना दी गई और जब पुलिस नहीं पहुँची, तो सीएम हेल्पलाईन 181 पर शिकायत करवाई गई। जिसके बाद हरकत में आते हुए कृषि विभाग की अधिकारी प्रतिभा टेंभरे अपने स्टाफ के साथ और पुलिस बल भी ग्राम कोस्ते पहुँचा।

#### 36 क्विंटल अमानक खाद जप्त की गई

जहाँ पर कार्यवाही के दौरान कृषि विभाग व पुलिस विभाग ने बाला जी फास्फेट्स प्राईवेट लिमिटेड देवास के सिंगल फास्फेट अमानक खाद को अवैध रुप से प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना (डीएपी इफको ब्रांड)की बोरियों में पलटी कर मेटाडोर से भेजे जाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही थी। इस कार्यवाही के दौरान मुनेश चौहान के घर से 72 बोरी 50 किलोग्राम की भर्ती वाली अर्थात 36 क्विंटल अमानक खाद बरामद की गई थी। जिसे वारासिवनी पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया था।



#### कलेक्टर बालाघाट के पत्र के आधार पर दर्ज हुई एफआईआर

इस मामले में 10 जुलाई को कलेक्टर बालाघाट के पत्र के बाद वारासिवनी पुलिस द्वारा देर रात्रि में 3 व्यक्तियों व देवास की फर्म के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसमें मुनेश्वर पृथ्वीराज चौहान उम्र 35 वर्ष ग्राम कोस्ते, दीक्षांत तेजनंद जैतवार 54 वर्ष निवासी सिर्राटोला थानेगॉव संचालक सिद्धी विनायक कृषि केन्द्र वारासिवनी, रमेश अजीत नारायण 24 वर्ष निवासी सिर्राटोला थानेगॉव, बालाजी फास्फेट प्राइवेट लिमिटेड देवास के खिलाफ अपराध क्रमांक 268/2024 धारा 318(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का पंजीबद्ध किया गया।

#### पुलिस ने किया 3 आरोपियों को गिरफ्तार

पुलिस ने घटना के दिन ही मुनेश्वर चौहान को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिभेन्दु व्यंकेश टांडिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम ने दीक्षांत जैतवार व रमेश अजीत को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने नकली खाद बेचने के लिए भंडारण करना स्वीकार किया। इन तीनों आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहॉं से उन्हें पूछताछ के लिए 16 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया हैं।

## कोबरा 208 बटालियन के बिजली अवरोधक उपकरण पर गिरने से सरकारी उपकरण हुए ध्वस्त



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर ।**

मुख्यालय किरनापुर बड़गांव 208 कोबरा बटालियन के तकनीकी उपकरण पर 12 जुलाई 2024 की दोपहर 4:15 बजे मूसलाधार बारिश एवं बिजली गर्जना से प्रशासनिक भवन की छत पर बेतार केंद्र द्वारा स्थापित बिजली अवरोध उपकरण के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से किसी प्रकार का कोई प्राणों की क्षति नहीं हुई, लेकिन सरकारी उपकरणों को भारी छति हुई है। जिसमें सीपीयू 09, मॉनिटर 03, एमपीएसयू02, यूपीएस 06, विंडो सर्वर 2008 आर पी 01, सीलिंग फैन 01, लेजर प्रिंटर +डी एम पी 02, आईपी फोन 01, मॉडेम 05, सेलो स्विच 08, पोर्ट 01, पीआई 03, एक्सचेंज मैट्रिक्स 01, अनलॉक कार्ड 03, डिजिटल कार्ड 01, स्विच 04, टेलीफोन 15 ,स्पीकर 07,1 सेट मास सेक्शन (6 पोलेस) + लाइटिंग अरेस्टर 02, कॉपर वायर 150 मीटर ,कोबरा बटालियन के उच्च अधिकारियों ने बताया कि इसकी जानकारी जिला राहत शाखा बालाघाट को सूचना दी गई । विश्व सूत्रों से जानकारी मिली है कि कोबरा बटालियन में आकाशीय बिजली गिरने से लाखों रुपए की छाती हुई है।

## जेएसटी कॉलेज अपग्रेड होकर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कहलायेगा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

गृह मंत्री अमित शाह इंदौर में रविवार को प्रदेश के 55 महाविद्यालयों का पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करेंगे। बालाघाट में भी शासकीय महाविद्यालय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में शनिवार को अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे ने बैठक कर समीक्षा की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीआर चन्देलकर ने कार्यक्रम और तैयारियों से सम्बंधित जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. पीआर चन्देलकर ने बताया कि कॉलेज का नाम नही बदला जा रहा है। बल्कि अपग्रेड किया जा रहा है। अब महविद्यालय पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। कॉलेज के उद्घाटन के साथ ही तीन प्रकोष्ठ का उद्घाटन भी किया जाएगा जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र प्रकोष्ठ ,विद्या वन प्रकोष्ठ और विद्यार्थियों के लिए बस सेवा को भी हरी झंडी भी दिखाई जाएगी। बैठक में एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी अंजुल अयंक, नपा सीएमओ निशांत श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत ठाकुर व अन्य अधिकारी मौजूद रहें।



## समय पर सरकारी ऑफिस नहीं पहुंच रहे अधिकारी और कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने समय पर सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों को कार्यालय में पहुंचने के आदेश का पालन जिले में सख्ती से होता दिखाई नहीं दे रहा है। कार्यालय खुलने का समय हो या कार्यालय बंद होने का समय, अधिकारी और कर्मचारी, अपने पूर्ववतः साढ़े 10 बजे के बाद ही 11 बजे तक कार्यालय में पहुंचने की आदत से लाचार नजर आ रहे है।

हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आदेश के तहत अधीनस्थ अमले को समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर अब सख्ती की जाएगी। साथ ही समय पर कार्यालय में उपस्थित ना होने पर उनके वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

सामान्य प्रशासन विभाग के जारी आदेश के अनुसार अब सरकारी अफसरों को आदेश के हिसाब से सुबह 10 से शाम 6 बजे तक दफ्तरों में रहना होगा। जिसको लेकर दो दिनों की जिले के अलग-अलग चार विभागों में की गई पड़ताल में सबसे खराब स्थिति जिला महिला सशक्तिकरण और जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय में दिखाई दी।



यहां सुबह 10 बजकर 10 मिनट तक कार्यालय का ताला नहीं खुला था। मीडिया कर्मियों को देखते हुए आनन-फानन में भृत्य ने ऑफिस का दरवाजा खोला, लेकिन काफी समय तक कोई भी अधीनस्थ अमला नहीं पहुंचा था। ऐसी ही स्थिति जिला शिक्षा कार्यालय में देखी गई। यहां शुक्रवार को स्वयं डीईओ साढ़े 10 बजे के बाद कार्यालय पहुंचे। हालांकि कृषि विभाग में अधिकारी राजेश खोब्रागढ़े, निर्धारित समय से पहले कार्यालय आ गए थे। जिनके बाद कार्यालय कर्मचारी, कार्यालय आते रहे। यहां भी लगभग साढ़े 10 बजे तक कर्मचारियों ने कार्यालय में अपनी उपस्थिति नहीं दी थी।

### स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**बालाघाट।** 9 जुलाई 1949 को सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई थी। जिसके बाद इस वर्ष परिषद अपना 76 वां स्थापना दिवस मना रहा है। जिसके तहत साप्ताहिक कार्यक्रमो के तहत, शनिवार 13 जुलाई को 'स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत' विषय पर वृहद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से आरएसएस के जिला संघचालक वैभव कश्यप, विद्यार्थी परिषद के प्रान्त सहमंत्री सुव्रत बाझल मौजूद थे। अतिथि जिला संघचालक वैभव कश्यप ने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास करने के लिए युवा शक्ति को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं तक पहुंचाकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रांत सहमंत्री सुव्रत बाझल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में विकसित करता है एवं युवाओं के हृदय में राष्ट्रवाद का भाव जागृत करता है। जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने कहा कि जिले भर में विभिन्न इकाइयों में साप्ताहिक कार्यक्रमो के तहत स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, संगोष्ठी, विद्यार्थी संवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## दीनदयाल रसोई योजना : चार महीने बाद फिर शुरू हुई रसोई, आसपास की गंदगी को हटाने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

गरीबों को पांच रुपए में भरपेट भोजन कराने वाली दीनदयाल रसोई योजना में विधायक अनुभा मुंजारे ने शुक्रवार को पांच रुपए देकर भोजन किया।

इस दौरान नपा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेसी पार्षद उपस्थित थे। दीनदयाल रसोई योजना का भोजन करने के बाद आनंदित हुई विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि दीनदयाल रसोई योजना का भोजन स्वादिष्ट, पोषक और अच्छा है। यह गरीबों के पेट भरने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही एक अच्छी योजना है।

गौरतलब हो कि बीते दिनों चार माह से दीनदयाल रसोई घर बंद था। नपा और ठेकेदार के बीच चली आ रही खींचतान के कारण, रसोई घर के बंद होने से पांच रुपए में मिलने वाला भोजन गरीबों को नहीं मिल पा रहा था। जिसमें नपा के सत्ता और विपक्ष पार्षदों की पहल और विधायक अनुभा मुंजारे के हस्तक्षेप के बाद 4 जुलाई से दीनदयाल रसोई घर में गरीबों और बाहर से आने वाले को पांच रुपए में भोजन प्रदाय किया जा रहा है। जिसका संचालन वर्तमान में नगरपालिका कर रही है।



### विकासखंड, जिला औए राज्य स्तरीय सर्वोत्तम किसान की तैयारियां प्रारम्भ

**बालाघाट।** प्रति वर्ष सब मिशन ऑन एग्रीकल्बर एक्सटेंशन ₹आत्मा₹ अंतर्गत विकासखंड स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय सर्वोत्तम कृषक तथा सर्वोत्तम कृषक समूह को पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2024-25 के लिए इस पुरस्कार की तैयारी प्रारम्भ हो गई है। मिशन परियोजना संचालक अर्चना डोंगरे ने बताया कि इसके लिए जिले के कोई भी किसान निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए समस्त विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और ब्लाक टेक्नालाजी मैनेजर से संपर्क कर सकते है। इसके लिए विभाग का एक निर्धारित प्रारूप है जिसमें किसान व उसके द्वारा की जा रही गतिविधियां आदि की जानकारी भरकर 31 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। साथ आवेदन या निर्धारित प्रारूप को अपने क्षेत्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सत्यापित कराना होगा।

### स्वास्थ्य जांच और उपचार शिविर आज

**बालाघाट।** आज 14 जुलाई को भरवेली पंचायत में स्वास्थ्य जांच एवं शिविर का आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए पंचायत सरपंच गीता अनिल बिसेन ने बताया कि हाल ही में मुख्यालय से लगी पंचायत कोसमी में एकाएक डायरिया बीमारी बढ़ने की घटना को देखते हुए ऐतिहातन तौर पर, पंचायत ने पंचायत क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य जांच और उपचार शिविर का निर्णय लिया है। यह शिविर आज 14 जुलाई को 123 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और उपस्वास्थ्य केन्द्र भरवेली के सहयोग से लगाया जाएगा। जिसमें सीआरपीएफ सीईओ तेजिंदर कौर प्रमुख रूप से उपस्थित होगी। उन्होंने बताया कि यह शिविर भरवेली पंचायत के मस्जिद के पास पटेल बाड़ा के सामने प्रातः 10 बजे से सायंकाल तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पंचायत क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाकर उनका उपचार किया जाएगा। जिसमें पंचायत क्षेत्र के सभी लोगों से स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का लाभ लेने की अपील पंचायत सरपंच गीता अनिल बिसेन और पंचायत प्रतिनिधियों ने की है।

## ढीमरूरीठ में हिंसक वन्यप्राणी ने पालतु मवेशी को किया घायल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढीमरूरीठ के जंगल में हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने पालतू मवेशी भैंस का शिकार करने की नाकाम कोशिश करते हुए घायल कर दिया. घटना शनिवार 13 जुलाई की दोपहर की है. मिली जानकारी अनुसार ढीमरूरीठ निवासी शकुनतला चैनलाल नरवेती जंगल में मवेशी चराने के लिए गई हुई थी. जहां हिंसक वन्य प्राणी ने पालतू मवेशी भैंस पर अचानक से हमला कर दिया. इस दौरान अन्य मवेशियों ने जमकर शोर मचाना शुरू कर दिया. मवेशियों को शोर सुनकर जंगल में मवेशी चरा रही महिला और अन्य लोग संत कुमार नवरेती मवेशियों की तरफ पहुंचे. जिन्होंने बाघ को हमला करते हुए देखा और शोर किया. इंसानों की चहल-कदमी और शोर सुनकर बाघ जंगल की ओर भाग गया. बता दें कि इसके पूर्व भी कई बार वन्य प्राणी बाघ कई बार पालतू मवेशियों पर हमला कर चुका है. मवेशी मालिक महिला ने बताया कि भैंस की अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपए के आस-पास की है. इस घटना के बाद पीड़ति की ओर से वन विभाग को सूचना दी गई लेकिन विभाग का कोई जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा. चौकीदार टामलाल पन्द्रे ने विभाग को सूचना दी है।



### गुरूपूर्णिमा महोत्सव को लेकर आर्ट ऑफ लिविंग की हुई बैठक

## 16 से 21 हैप्पीनेस योग शिविर, 21 को पौधारोपण, सुदर्शन क्रिया

### 22 को सुमेरू भजन सँध्या के साथ होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

आर्ट ऑफ लिविंग जिला समन्वयक ऋतु मोहारे ने बताया कि 11 जुलाई को आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय एक होटल के हॉल में योग,प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया करने के पश्चात आने वाली 21 जुलाई को गुरूपूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुरूपूर्णिमा के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा प्रत्येक वर्षानुसार इस दिन को हरियाली महोत्सव के साथ ही सेवा-साधना-सत्संग के साथ मनाया जायेगा,वहीं 21 जुलाई को सुबह06:30 बजे से सर्वप्रथम स्टेडियम कराटे हॉल में विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया के पश्चात व्रहदस्तर पर पौधारोपण मोती तालाब की पार के आस-पास किया जायेगा । साथ ही यह दिन गुरूजनों की अराधना का विशेष पर्व होता है जिसको महोत्सव के रूप में मनाने के लिये दि. 22 जुलाई दिन सोमवार को रात्री 08 बजे से स्थानीय शीतल पैलेस होटल सभागार में सुमधुर भजन-सँध्या का आयोजन बैंगलोर से आ रहे अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायक रोहित श्रीधर द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी , जिसके बाद महाप्रसाद का वितरण भी किया जावेगा जिसमें सभी आमजनों से उपस्थिति की अपील आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों ने की है , जिस तरह हम गुरू की शरण में शिक्षा ग्रहण कर एक परिपक्त्व इंसान बनते हैं, उसी तरह हम प्रकृति की शरण में रहकर अपने जीवन को सुरक्षित व आनंदमय बनाते हैं, लेकिन सोचो जब गुरू ही नहीं रहता तो इंसान मार्ग विहिन होता चला जाता, ठीक वैसे ही प्रकृति ही नहीं रहेगी तो मानव जीवन कहां सुरक्षित है, अभी भी वक्त है, हम सब प्रकृति के प्रति सजग रहकर उसे इतना हरा-भरा बनाये कि वर्तमान में जिस तरह का पर्यावरण में असन्तुलन का परिद्रश्य पूरी दुनिया में देखने मिल रहा है, उसे संतुलित कर सके। इन्हीं सब बातों को लेकर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा व्रक्षारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया जायेगा,साथ ही इस व्रक्षारोपण अभियान को सभी स्वयं सेवी संस्था, शैक्षणिक, धार्मिक, व्यापारिक सहित अनेक संगठनों के साथ करेंगे,वहीं इस पौधारोपण अभियान में नगर पालिका परिषद बालाघाट का सहयोग से प्रतिवर्षानुसार मिलने वाले सहयोग के लिये करने हेतु आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक मिलकर चर्चा करेंगे,जिससे निश्चित ही जिले को हरा-भरा बनाने में कारगार कदम सिद्ध होगा, गुरूपूर्णिमा पर होगा हैप्पीनेस योग शिविर-: गुरूपूर्णिमा के पावन अवसर पर ही 16 से 21 जुलाई तक सुदर्शन क्रिया,प्राणायाम,ध्यान व आसन सीखाने के लिये हैप्पीनेस योग शिविर का आयोजन योग-आसन,प्राणायाम व विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया सीखाने प्रशिक्षक अरविन्द बालपाण्डेजी के सानिध्य में किया जा रहा है जिस शिविर में गुरूदेव श्री श्री रविशंकरजी के द्वारा उध्द्रत सिखाई जाने वाली सुंदर्शन क्रिया के अनेक लाभ होते हैं वही अनेक वैश्विक संस्थानों के द्वारा सुदर्शन क्रिया पर किये गये शोध में इसके अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं शोध परिणाम में पाए गए सुदर्शन क्रिया के लाभ-: तनाव के समय उत्सर्जित होने वाला हार्मोन को कम करता है,रक्त में लैकटेट एसिड का स्तर कम होता है।हानिकारक कोलेस्ट्रॉल(एल.डी.एल)कम होता है और लाभकारी कोलेस्ट्रॉल(एच.डी.एल) बढ़ता है।मस्तिष्क को तनाव रहित करने वाला हार्मोन बढ़ता है।एन्टीसैप्टिक ऑक्सीडेन्ट इससे बढ़ते हैं जिससे हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।वहीं इससे तनाव रहित शांत मन,स्वस्थ शरीर एवं भरपूर स्फूर्ति,जीवन में आनंद एवं उत्साह,आत्मिक खोज एवं आध्यात्मिक उन्नति,चिंताओं, उत्तेजनाओं एवं अवसाद से मुक्ति बेहतर भावनात्मक एवं मानवीय संबंध,बेहतर शरीरिक क्षमता,बेहतर एकाग्रता,क्रोध पर नियंत्रण के साथ ही नींद में सुधार ठीक उसी प्रकार सुदर्शन क्रिया हमें तनाव मुक्त कर हमारे अंदर उत्साह का संचार करती है। इस क्रिया के फलस्वरूप हम अपने लक्ष्य पर केंद्रित रखकर जीवन का सफलतापूर्वक आंनद ले सकते हैं। जैसी बातों का लाभ सुदर्शन क्रिया करने से होता है।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान को दी जा रही गति, भाजयुमो ने वार्ड नं. 26 में किया पौधारोपण

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में मिल रहा जनसमर्थन: जैनेन्द्र कटरे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

नगर मुख्यालय सहित जिले में एक पेड़ मां के अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया जा रहा है। जिसमें अभियान के प्रारंभ होने के बाद से ही भाजयुमो नगर मंडल बालाघाट के द्वारा लगातार नगर के सभी वार्डो में पहुंचकर पौधारोपण करने का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शनिवार को नगर के वार्ड नं. 26 में पौधारोपण किया गया है।

वही इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने जानकारी देते हुए बताया एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें अब लोग भी बढ़ चढक्रर हिस्सा ले रहे है और इस अभियान को जनसमर्थन मिल रहा है जिससे ऐसा लग रहा है कि लोगों के मन भी पर्यावरण को लेकर काफी चिंता है और वह भी इस पुनित कार्य का हिस्सा बनकर पौधारोपण कर रहे है।




#### मोदीजी के आव्हान को मिला बलः कटरे

वही आगे नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आव्हान किया था कि एक पेड़ मां के नाम सभी लगाएं जिससे की देश में हरियाली आए और पर्यावरण को लेकर लोगों के मन में जागरूकता है, जिसको अब बल मिलते देखा जा रहा है क्योंकि जिस तहर से प्रशानिक अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संस्था सहित अन्य संस्थाओं के द्वारा पौधारोपण का कार्य कर रहे है इसके साथ ही आमजन भी लगातार पौधा लगा रहे है।

वहीं अभियान के तहत भाजयुमो नगर मंडल बालाघाट वार्ड नं. 26 मे स्थित गायत्री मंदिर के सामने गली सुभाष बिसेन के घर के पास प्रेमनगर बालाघाट परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारती सुरजीत सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, योगेश बिसेन उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, संजय गौतम जिला उपाध्यक्ष भाजपा, वार्ड नं 26 की पार्षद योगिता बोपचे, हेमा वाधवानी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, गरिमा गौतम, विनय बोपचे, योगराज टेंभरे, के. एल. राहंगडाले, पी.एल. राहंगडाले, वी.सी. राजुरिया, महेश पवार, सुभाष बिसेन, अनुराग गोधे, आनुपम गोधे, गिरीश खांडवे, पंकज नेमा, अनिता बिसेन, कार्यक्रम प्रभारी अनिल बिसेन, डी.पी.राहंगडाले, अनिल उपाध्याय व आगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित कार्यक्रम में भाजयुमो नगर प्रभारी प्रसन्न कांकरिया, अमन गांधी, नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, नगर महामंत्री दीपक लिल्हारे, नगर महामंत्री संजू वराडे, नगर अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, अखिलेश चौरे, जिला मीडिया प्रभारी, अनुसूचित जाति मोर्चा, संतोष सिंगारे, सिद्धार्थ वाजपेई, सोनू कसार, हिमांशु चौकसे, रंजीत गोयल, नितिन नगपुरे, विजय धामडे, शुभम शिवाले,राजेश राउत, वरुण दुबे सहित भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।